तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 जुलाई 2024

12 टांगरी नदी के पास पौधरोपण मुहिम शुरू



12 सीवरेज व स्ट्रॉम वॉटर पाइप डालने से पानी और सीवरेज ...



## खबर संक्षेप

### छीनाझपटी करने का आरोपी गिरफ्तार

**पिहोवा।** पुलिस ने छीनाझपटी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने छीनाझपटी करके मोबाइल छीनने के आरोप में गुरदास वासी नन्द कालोनी पेहवा को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से चोरीशुदा मोबाईल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है।

### पेड़ पौधे लगाना बेहद जरूरीः जालुका

**नारायणगढ़।** एसडीएम यश जालुका ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बेहद जरूरी है। एसडीएम ने सोमवार को सब्जी मंडी में पौधारोपण किया तथा लोगों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

### ई-रिक्शा चलाने की ट्रेनिंग मिलेगी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र दहिया ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम पंचकूला द्वारा बीपीएल लड़कियों व महिलाओं को 8 दिन ई-रिक्शा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए लड़कियों व महिलाओं को योग्यता व पात्रता निर्धारित की गई है।

### जोहड़ में डाली गम्बूसिया मछली



**इंद्री।** गांव रंबा पीएचसी के अधीन आने वाले सभी गांवों में डेंगू और मलेरिया के प्रकोप से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम आशा/एएनएम द्वारा वीबीडी प्रोग्राम के तहत गांव खेड़ी मानसिंह, कमालपूर रोड़ान, चुरनी, सलारू आदि गांवों के जोहड़ में गम्बूसिया मछली डाली गई।

# शिक्षकों की कमी से परेशान विद्यार्थियों के अभिभावकों ने जड़ा स्कूल का ताला

## मिडिल स्कूल में 150 बच्चों को पढ़ा रही एक महिला शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- खंड शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर दो अध्यापक अस्थाई तौर पर किए नियुक्त

गांव मुजाफतकलां के मिडिल स्कूल में अध्यापकों की कमी से परेशान विद्यार्थियों के अभिभावकों ने सोमवार को स्कूल के गेट का ताला जड़ दिया। गुस्साए अभिभावकों ने बच्चों के साथ स्कूल के गेट के बाहर बैठकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। सूचना मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अभिभावकों को समझा कर शांत किया। बाद में खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में दो अध्यापक अस्थाई तौर पर नियुक्त किए। जिसके बाद अभिभावकों ने स्कूल के गेट का ताला खोला।




यमुनानगर। मुजाफतकलां में स्कूल के गेट का ताला लगाकर बाहर बैठे अभिभावक व बच्चे। **फोटो : हरिभूमि**

सोमवार सुबह गांव मुजाफतकलां के मिडल स्कूल में बच्चों के अभिभावक पहुंचे। इस दौरान स्कूल में शिक्षकों की कमी से गुस्साएं अभिभावकों ने स्कूल गेट का ताला लगा दिया और शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीण अंकुश सैनी, संगीता अमित कुमार आदि ने बताया कि स्कूल में लंबे समय से अध्यापकों की कमी चल रही है। उन्होंने समस्या के समाधान को लेकर कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने उनकी मांग की तरफ ध्यान नहीं दिया। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में 150 से अधिक छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिनको हाल ही में यहां नियुक्त हुई एचकेआरएन की महिला शिक्षक ही पढ़ा रही हैं। शिक्षा के साथ-साथ स्कूल के अन्य काम भी अधूरे पड़े हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिसका असर परीक्षा परिणाम में देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अध्यापकों की कमी के कारण पिछले सत्र में स्कूल की बोर्ड की कक्षाओं का रिजल्ट भी अच्छा नहीं रहा। अब नया सत्र शुरू हो गया है मगर अभी तक स्कूल में शिक्षक नियुक्त नहीं किए गए हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष है।

### ये कहते हैं खंड शिक्षा अधिकारी

प्रतापनगर के खंड शिक्षा अधिकारी उमेश खरबंदा ने बताया कि ताला लगाने की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे थे। स्कूल में दो अध्यापकों की अस्थाई तौर पर नियुक्ति कर दी गई है। स्थाई तौर पर अध्यापकों की नियुक्ति के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। जल्द ही स्कूल में स्थाई अध्यापकों की नियुक्ति हो जाएगी।

# कबूतरबाज ने विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

जगाधरी के हुडा सेक्टर-18 निवासी गोविंद सिंह से उसके लड़के को बैंक में नौकरी लगवाने तथा विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप चोपड़ा गार्डन निवासी बैंक मैनेजर दीपक कमल व उसके पिता वेद प्रकाश पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोविंद सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में था।

इस दौरान उसकी मुलाकात चोपड़ा गार्डन निवासी वेद प्रकाश से हुई। आरोपी ने उसे कहा कि अगर उसका कोई जानकार बैंक में नौकरी लगना चाहता है तो उसका लड़का बैंक में मैनेजर है। उसके लड़के की बडे. अधिकारियों के साथ जान पहचान है। उसके लड़के ने कई युवकों की बैंक में नौकरी लगवाई है। आरोपी की बातों में आकर उसने अपने लड़के की बात की। आरोपी वेद प्रकाश ने कहा कि वह उसके लड़के को नौकरी लगवा देंगे। इस दौरान आरोपी वेद प्रकाश ने उसके लड़के को अपने लड़के दीपक कमल से मिलवाया।

दीपक कमल ने उसके लड़के से उसके सभी दस्तावेज व आठ लाख रुपये ले लिए। आरोपी ने जल्द ही उसके लड़के को नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी जब आरोपियों ने उसके लड़के को नौकरी नहीं दिलवाई तो उसने आरोपियों से बात की। मगर आरोपियों ने उसके लड़के को कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया और उनसे सात लाख रुपये ओर ले लिए। मगर इसके बाद आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश भी नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कुश्ती चैंपियनशिप विजेता साहिल का अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

फैला उजियारा फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रही कुश्ती अकादमी में एशिया अंडर 23 एशिया चैंपियनशिप में जॉर्डन में आयोजित हुई थी में साहिल जागलान ने 91 किलो में स्वर्ण पदक जीते था। वहीं सोमवार को कुश्ती अकादमी में पहुंचने पर गोल्ड मेडल विजेता साहिल जागलान का प्रशिक्षु पहलवानों ने जोरदार स्वागत किया। कुस्ती कोच नरेंद्र मलिक ने बताया कि साहिल ने मेहनत कर गोल्ड मेडल जीता है। जबकि साइकिल का थाईलैंड में होने वाली जूनियर एशिया चैंपियनशिप के लिए भी सिलेक्शन हुआ है। वहीं सभी को उम्मीद है कि साहिल थाईलैंड में भी स्वर्ण पदक जीत का भारत का मना पूरी दुनिया में बढाएगा। इस अवसर पर नरेंद्र मलिक आकाश मलिक कर्मवीर अनिल संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत :** गोल्ड मेडल विजेता साहिल जागलान को सम्मानित करते हुए कुश्ती कोच नरेंद्र मलिक।

# शहीद मेजर आशीष के परिवार में कलह बढ़ी

## वीरांगना ने सास, सुसुर, ननदों व ननदोइयों पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

- सुसराल वाले उसके बजाए ननद को दिलवाना चाहते है सरकारी नौकरी

शहीद मेजर आशीष धौंचक के परिवार की कलह दिन प्रति दिन बढती जा रही है। अब शहीद आशीष की वीरांगना यानि उनकी धर्मपत्नी ज्योति ने अपने सुसर, सास, ननदों व ननदोइयों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वही,ज्योति ने बताया कि सन 2021 में आशीष की पोस्टिंग श्रीनगर में हो गई, वहीं, वे अपनी बेटी के साथ पानीपत अपनी ससुराल में शिफ्ट हो गई थी। आशीष की शहादत के बाद मेरी सास कमला ने परिवार के बीच में ये कह दिया था कि मैं इसे (ज्योति) अपने साथ नहीं रख सकती हूं। अगर इसे रहना होगा तो ये घर के पहले फ्लोर पर रह लेगी। मैं वहीं रहती रही। ये सोच कर कि ये मेरे शहीद पति व मेरी बेटी वामिनी का घर है। ज्योति ने आरोप लगाया कि समय बीतने के साथ सास कमला ने उन्हें तंग करना शुरू कर दिया। कमला की साजिश थी कि मैं परेशान होकर सुसराल छोड कर चली जाउं। शहीद पति व बेटी के लिए वे सुसराल वालों के अत्याचार सहती रही। उन्होंने बताया कि शहीद आशीष की 29 दिसंबर को छमाही पर सभी बड़ों के कहने पर मैंने अपना सामान पहले फ्लोर पर रख लिया था।

### सुसराल वाले झूठे आरोप लगा रहे

ज्योति ने आरोप लगाया कि मेरी सबसे बड़ी ननद अंजू के पति संजय नांदल ने सास-ससुर के कहने पर उसे धमकी देने शुरू कर दी। इसी डर से ज्योति अपनी बेटी को लेकर अपने मायके चली गई। उन्होंने बताया कि आशीष की शहादत के बाद मेरे सास-ससुर को सरकार की ओर से डेढ़ करोड़ रूपये मिले थे। वहीं अब सुसराल वालों की मंशा उनके यानि ज्योति के बजाए शहीद मेजर आशीष की बहन को सरकारी नौकरी दिलवाने की है। इसी लिए सुसराल वाले ज्योति पर झूठे आरोप लगा रहे है।

# ट्रेवल एजेंटों से परेशान व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

- आरोपियों पर ऑस्ट्रेलियों स्टडी वीजा के लिए फर्जी ऑफर लेटर देने का आरोप

ट्रेवल एजेंटों से परेशान एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। इस सिलसिले में पुलिस ने परिजनों के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंजोखरा की रहने वाली शिवानी ने बताया कि वह बीकॉम पास है। आगे की पढ़ाई के लिए वह ऑस्ट्रेलिया जाना चाहती थी। इसके लिए उसके पिता ने इसक लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 8 स्थित वीजा सपोर्ट सर्विसेस से संपर्क किया था। शिवानी ने बताया वीजा सपोर्ट सर्विसेस की ओर से इसी साल 2 फरवरी को उसकी ऑस्ट्रेलिया वीजा के लिए फाइल लगाई थी। इसकी एवज में उससे पहले ऑफर लेटर के लिए 11 हजार लिए गए थे। आरोपियों ने उसे फर्जी ऑफर लेटर थमा दिया। परिवादी की मानें तो आरोपियों ने वीजा की एवज में उसके पिता से 5.66 लाख लिए थे। आरोपियों ने न तो उसका वीजा लगवाया न ही उनके पैसे लौटाए। इसी वजह से उसके पिता बेहद परेशान थे। शिवानी ने बताया कि आरोपियों ने पैसे वापस करने की एवज में दो चेक दिए थे लेकिन वे बाउंस हो गए। ऑफिस में बहस के बाद आरोपियों ने 25 मई 2024 को 66 हजार वापस किए थे। 2.50 लाख जून महीने में वापस किए थे। बचे अढ़ाई लाख लौटाने में सेंटर संचालक संदीप सिंह संधू, नीतिश गोयल, कमल, करणवीर, सुखविंद्र सिंह व वारिस चौहान आनाकानी कर रहे थे। शिवानी ने बताया कि पैसे वापिस न मिलने से उसके पिता बेहद परेशान थे। इसी वजह से उन्होंने ज्वलनशील पदार्थ से खुद को आग लगा ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी की हत्या करने का आरोपी पति गिरफ्तार, बेटा भी लिया अभिरक्षा में

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

- आरोपियों ने खुद हत्या करके मामले को मोड़ देने के लिए बनाई झूठी कहानी

जिला पुलिस ने पत्नी की हत्या करने के मामले में पति को गिरफ्तार किया है तथा नाबालिग बेटे को भी अभिरक्षा में लिया है। थाना सदर थानेसर पुलिस टीम ने पत्नी की हत्या करने के आरोप में पति खेमचंद पुत्र सेवा राम वासीयान धर्मपुर मैथरा जिला सभल यूपी हाल वासी कम्युनिटी सेंटर बहादुरपुरा पीपली को गिरफ्तार करने में सफलता हसिल की है। पुलिस टीम ने हत्या में शामिल आरोपी नाबालिग बेटे को भी अभिरक्षा में लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 जुलाई को पुलिस को दी अपनी शिकायत में खेमचंद पुत्र सेवा राम ने बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है। उसकी शादी 19 साल पहले सावित्री वासी नागर पोकरा जिला बदायूँ से हुई थी। वह करीब 9 माह से कम्युनिटी सेंटर बहादुरपुरा पीपली में किराये पर रहा है। 1 जुलाई को वह अपने परिवार के साथ सो रहा था। करीब 12.30 बजे उसके मकान में 2 लड़के आए और उसकी पत्नी को ले गए। जब वह उनके पीछे गया तो उसने देखा कि वह उसकी पत्नी को बेहोश करके मौके से भाग गए। उसके बाद उसने 112 पर कॉल करके एम्बुलेंस को बुलाया तथा सरकारी हस्पताल कुरुक्षेत्र लेकर गया जहां पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर मे मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक शमशेर को सौंपी गई। थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह की टीम ने पत्नी की हत्या करने के आरोप में खेमचंद पुत्र सेवा राम वासीयान धर्मपुर मैथरा जिला सभल यूपी हाल वासी कम्युनिटी सेंटर बहादुरपुरा पीपली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी नाबालिग बेटे को भी अभिरक्षा में ले लिया। जानकारी देते हुए थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों ने खुद हत्या करके मामले को मोड़ देने के लिए झूठी कहानी बनाई। निरीक्षक ने बताया कि हत्या करने के बाद आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गहनता से जांच की तो सामने आया कि महिला की हत्या उसके ही परिजनों ने की है।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद, 50 हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

- जुर्माना नहीं देने पर नीरज को तीन साल की अतिरिक्त कैद भोगनी होगी

पानीपत की फास्ट ट्रैक कोर्ट, पोस्को एक्ट के अतिरिक्त सेशन जज सुखप्रीत सिंह ने किशोरी को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी नीरज पुत्र श्रीभगवान निवासी डाबर कालोनी को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एएसजे सिंह की कोर्ट ने दोषी नीरज पर 50 हजार रूपये जुर्माना किया, जुर्माना नहीं देने पर नीरज को तीन साल का अतिरिक्त कुल 23 साल की कैद भोगनी होगी। वहीं जज सिंह की कोर्ट ने थाना किला पुलिस द्वारा नीरज के खिलाफ पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों की गवाही, फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर नीरज को सजा दी है।

### यह था मामला

सात जनवरी सन 2022 को घर के बाहर खेल रही 13 साल की किशोरी को नीरज बहला फुसला का अपने साथ ले गया और उसके साथ 21 जनवरी तक लगातार दुष्कर्म करता रहा। वहीं परिजन किशोरी की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। दस जनवरी को किशोरी की माता की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने उसके अपहरण होने का केस दर्ज किया और किशोरी की तलाश शुरू कर दी। इधर, पुलिस ने 21 जनवरी को किशोरी को बरामद किया और उसकी काउंसलिंग करवाई। पुलिस की जांच में पता चला कि किशोरी को नीरज बहला फुसला का साथ ले गया था। वहीं नीरज ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इधर, थाना किला पुलिस ने किशोरी की माता की शिकायत पर नीरज पर केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार किया। जबकि कोर्ट ने नीरज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

## योजना

### सौगात से समस्या को जड़ से खत्म किया जाएगा: गोयल

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला को दी 190 करोड़ की सौगात**

# अंबाला नगर निगम में शामिल 11 गांवों की बदलेगी तस्वीर, सीवरेज नेटवर्क को दिया जाएगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



परिवहन मंत्री असीम गोयल।

- खत्म होगी शहर की पानी निकासी की समस्या, खर्च होंगे 165 करोड़

हर साल बरसाती सीज़न में दिल की धड़कन तेज कर देने वाली जलभराव की समस्या अब सिरे से खत्म होने की संभावना बन रही है। खुद विधायक एवं परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि सीएम नायब सिंह की ओर से मिली 190 करोड़ की सौगात से इस समस्या को जड़ से खत्म किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अंबाला में पानी की निकासी की व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था व अन्य विकास कार्यों के लिए लगभग 190 करोड़ रूपये की सौगात दी है। परिवहन राज्य मंत्री श्री असीम गोयल के प्रयासों से अब आने वाले समय में अंबाला से पानी की निकासी न होने की समस्या खत्म होने जा रही है। इतना ही नहीं नगर निगम के क्षेत्र में शामिल 11 गांवों में विकास के पहिए को रफ्तार देते हुए सीवरेज नेटवर्क का भी विस्तार किया जाएगा। अंबाला शहर से पानी की निकासी की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए 3 करोड़ 15 लाख रूपये की लागत से जड़ौत रोड़ पर प्राइमरी स्कूल के नजदीक स्टॉर्म वाटर डिस्पोज़ल का निर्माण किया जाएगा।इससे आसपास के क्षेत्र में पानी खड़ा होने की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही 6 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से शहर की दशमेश मार्केट में स्टॉर्म वाटर डिस्पोज़ल का निर्माण किया जाएगा।

इससे आसपास के क्षेत्र पालिका विहार, जगाधरी गेट, फ्रेंड्स कॉलोनी, रामबाग रोड, कुम्हार मोहल्ला,पुराना सिविल अस्पताल क्षेत्र,नदी मोहल्ला,कपड़ा मार्केट क्षेत्र,शुक्लकुंड रोड़,अंबा मार्केट को पानी जमा होने की समस्या से निजात मिलेगी।

### ये गांव हैं शामिल

मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सौगात के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के भीतर 11 नए विलय किए गए गांवों में लगभग 165 करोड़ रूपये की लागत से सीवरेज नेटवर्क का भी विस्तार होगा। जिसमें गांव डंगडेहरी ,लोहगढ़, मानकपुर, डडियाना, देवीनगर, निजामपुर, कालूमाजरा, घेल खुर्द, घेल कलां, लिहारसा व कांवला गांव शामिल है। बता दें कि जिले में विभिन्न परियोजनाओं के तहत नया गांव में मौजूदा स्थल पर 1.25 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), कांवला गांव के लिए 1.40 एमएलडी एसटीपी तथा अंबाला शहर के देवी नगर में अंबाला ड्रेन के लिए 50 एमएलडी एसटीपी का निर्माण शामिल है। लगभग 15 करोड़ रूपये की लागत से इंद्रपुरी में बने स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल की मरम्मत का कार्य भी किया जाएगा। इससे 600 एमएलडी पानी पाइप के जरिए दरें में गिराया जाएगा। ऐसे में बरसाती पानी को शहर से बाहर निकालने की रफ्तार को और गति मिलेगी।

# केयू आईआईएचएस के बीकॉम एवं बीएससी में दाखिले की दूसरी मेरिट सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- फिजिकल काउंसलिंग होगी आज, दाखिला फीस 11 जुलाई तक भरनी होगी

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बीकॉम व बीएससी लाइफ साइंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की दूसरी मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध बीकॉम की दूसरी मेरिट सूची के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को 9 जुलाई को कमरा संख्या 01 तथा बीएससी लाइफ साइंस के लिए कमरा संख्या 26 में फिजिकल काउंसलिंग हेतु 8 बजकर 30 मिनट पर अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित है।

### मेरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीकॉम में ऑल इंडिया जनरल की दूसरी मेरिट सूची 98.4 से शुरू होकर 98 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस की 95.8, हरियाणा जनरल की 97.8 से 96.6 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 95.8 पर, हरियाणा एससी की 94.8 से 94 तक, हरियाणा डी-एससी 89.2 से 88.8, हरियाणा बीसीए 95.8 से 94.8, हरियाणा बीसी बी 96.4 से 96 तथा दिव्यांग/ पीडब्ल्यूडी/ पीएच/ ब्लाइंड/ ईएसएम वर्ग की 92.8 पर समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि बीएससी लाइफ साइंस में ऑल इंडिया जनरल की दूसरी मेरिट सूची 97.8 से शुरू होकर 93.6 तक, हरियाणा जनरल की 93.4 से 90.6 पर, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस 90.4 से 87.2 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 86.6 से शुरू होकर 86 तक, हरियाणा एससी की 87.6 से 85.2 तक, हरियाणा डी-एससी 81.4 से 73.4, हरियाणा बीसीए 85.8 से 79.8 तथा हरियाणा बीसी बी 88.4 से 81.2 पर समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### श्रीगोविंदानंद आश्रम में मासिक भंडारा संपन्न

**पिहोवा।** शिवपुरी रोड स्थित श्रीगोविंदानंद ठाकुर द्वारा आश्रम में महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि महाराज के मार्गदर्शन एवं भारत साधुसमाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत बंशी पुरी महाराज एवं आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरि के सानिध्य में गुप्त नवरात्र के पावन मौके पर कन्या पूजन के साथ मासिक भंडारा आयोजित किया गया।

### विरोध प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के साथ हो रहे अन्याय को रोकने के लिए सभा के पूर्व मंत्री योगेंद्र की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन श्रद्धानंद चौक से शुरू होकर उपायुक्त कार्यालय समक्ष पहुंचा। जहां पर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के खिलाफ ज्ञापन सौपा गया।

### समाधान शिविर में 15 शिकायतों को रखा : आदित्य

**पिहोवा।** तहसीलदार आदित्य ने कहा कि समाधान प्रकोष्ठ शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान का कार्य प्रशासन द्वारा लगातार किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ शिविर में कुल 15 शिकायतों पर सुनवाई की गई, जिसमें 14 शिकायतें पीपीपी से संबंधित थी और साथ ही एक शिकायत आवास योजना से संबंधी रखी गई।

### जनकल्याणकारी नीतियों की दी जा रही जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** विशेष प्रचार अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से निरंतर जागरूक करते हुए अपडेट कर रहा है ताकि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय उत्थान व जनकल्याणकारी नीतियों से आमजन को जागरूक करने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग प्रचार अमला गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जानकारी प्रदान कर रहा है।

### प्रदेश में बनेगी तीसरी बार भाजपा की सरकार

**करनाल।** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व वाली सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है और सबको साथ लेकर विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने हरियाणा सरकार को सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करने वाली सरकार बताया और कहा कि सरकार ने किसान, व्यापारी, कर्मचारी, महिला, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनकी मॉनिटरिंग स्वयं मुख्य सचिव द्वारा हो रही है।

---

### शहर में होने वाले विकास कार्यों को लेकर विधायक ने ली बैठक

# जल्द टेंडर लगवाकर शुरू करवाए जाएं विकास कार्य

**विधायकने क्षेत्रवाशियों से होने वाले प्रत्येक निर्माण कार्य पर नजर रखने की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



शहर में होने वाले विकास कार्यों को लेकर हलका विधायक हरविंद्र कल्याण ने एसडीएम कार्यलय में विभिन्न विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

विधायक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियो से लगभग 2 घंटे शहर के विकास कार्यों पर गंभीरता से चर्चा की तथा आगामी होने वाले कार्यों की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान शहर मे बने ऑडिटोरियम हाल के रास्ते, शहीद स्मारक, लाइब्रेरी, हाईवे पर सर्विस लेना को चौड़ा करने, फाटक पार वक़्फ़ बोर्ड से जमीन की मंजूरी के बाद सामुदायिक केंद्र बनाने, नये बस अड्डे के सामने पुल के निचे से दूसरा रास्ता बनाने, पुराने बस स्टॉप की बिल्डिंग को कन्डम कर नया बस स्टॉप बनाने, शॉपिंग काम्प्लेक्स बनाने, रिवेयू रास्ते पक्का करने, बाजार मे चल रहे बरसाती पानी की निकासी के प्रोजेक्ट के कार्य को शीघ्र पूरा करने जैसे कई कार्यों पर विधायक कल्याण ने अधिकारियो से विचार विचार करने के बाद प्रत्येक कार्य की प्रक्रिया मे तेजी लाने ओर कार्यों को जल्द से जल्द टेंडर लगवा कर शुरू करने के निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक कल्याण ने सर्विस लेन का मौका मुआयना किया तथा सभी कार्यों के नक्शो का गहनता से अध्ययन किया ताकि सभी कार्य होने के पश्चात शहर के लोगो को सुविधाएं उपलब्ध हो सके.

विधायक कल्याण ने बैठक मे अधिकारियो को निर्देश दिए कि सभी कार्यों के जल्दी टेंडर लगवा कर कार्य शुरू करवाए ओर सभी कार्यों को अधिकारी गंभीरता से कराये। विधायक कल्याण ने क्षेत्र के वाशियो से अपील की कि प्रत्येक कार्य पर नजर रखे जिस तरह अपने घर मे होने वाले निर्माण कार्यों पे रखते है। सोमवार को विधायक हरविंद्र कल्याण एसडीएम कार्यलय में पहुंचे। जहाँ पर विधायक कल्याण ने सभी विभागों के अधिकारियो से अलग अलग से चर्चा की।

बैठक में एसडीएम राजेश सोनी, एसई पीडब्लयुडी दलेल दहिया, एसडीओ बलवान, नगरपालिका सचिव प्रिन्स,नायब तहसीलदार, नेशनल हाईवे के एसडीओ भानु प्रताप, शिक्षा विभाग के अधिकारी, मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला नौरता में निफा ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री के गांव नौरता मे पौधारोपण करते निफा सदस्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक विधालय नौरता में निफा सदस्यों ने गो ग्रीन इंडिया मुहिम के तहत एक पौधारोपण अभियान का आयोजन किया । इस अभियान में स्कूल के छात्रों, अध्यापकों और निफा सदस्यों ने मिलकर त्रिवेणी के साथ कुल 55 पौधे लगाए। स्कूल मुख्याध्यापक डॉ सुरेंद्र दत्त शर्मा ने बताया कि इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना है। जिससे पर्यावरण में बढ़ते तापमान व प्रदूषण पर रोक लगायी जा सके। निफ़ा के प्रदेशाध्यक्ष श्रवण शर्मा ने कहा कि मानसून का यह समय पौधारोपण के लिए उचित समय है क्योंकि बरसात के कारण पौधे को ज़मीन से ही पानी के साथ सभी पोषक तत्व मिल जाते है व पौधा जल्दी से बड़ा होने लगता है। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान छात्रों और अध्यापकों ने पौधों की देखभाल और पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व के बारे में सीखा। वद्यिालय की इंचार्ज निधि आर्य व अध्यापक मुकेश कुमार ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की निरंतरता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियानों से न केवल पर्यावरण को लाभ मिलता है, बल्कि छात्रों में भी जागरूकता और जम्मिदारी की भावना विकसित होती है। यह पौधारोपण अभियान नौरता क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे क्षेत्र में हरियाली और स्वच्छता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### रोमांटिक ट्रैक सिंगल सवेरा किया रिलीज

**करनाल।** ख्वाब और लम्हे फेम के इक्लिप्स नोवा और अनुभा बजाज ने मिलकर अपना पहला सिंगल सवेरा रिलीज़ किया है। यह मीठा रोमांटिक ट्रैक प्रतिदिन के प्यार का चित्रण कर श्रोताओं को संगीत की मधुर दुनिया में ले जाता है, जो शाम की रिमझिम बारिश में चाय के गर्मागर्म कप के समान है। सवेरा' के संगीत में गिटार की नाजुक झंकार के साथ, मधुर और आकर्षक स्वर हैं, जो भावनाओं और यादों को जगा देते हैं। इस ट्रैक में आधुनिक इंडी पॉप और भारतीय शास्त्रीय संगीत के तत्वों का कलात्मक मेल है, जिससे एक समकालीन और कालातीत साउंडस्केप का निर्माण हुआ है। गायक, गीतकार और संगीतकार के रूप में प्रतिभाशाली इक्लिप्स नोवा और अनुभा बजाज ने इस ट्रैक को पोलर प्रोडक्शन के साथ नई ऊँचाईयों पर पहुँचा दिया है। अपने वायरल गीत,'ख्वाब के लिए मशहूर, इक्लिप्स नोवा ने कहा, सवेरा के लिए अनुभा के साथ काम करके बहुत कुछ सीखने को मिला।

---

# भाविप ने बच्चों में बांटी शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी




**तरावड़ी।** शाखा सदस्य बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण करते हुए।

नगर की भारत विकास परिषद के द्वारा 27 जून 2024 (डा सूरज प्रकाश जयंती) व 10 जुलाई 2024 (स्थापना दिवस) के बीच सेवा पखवाड़ा मनाया गया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज शाखा के द्वारा नगर के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया। यह सामग्री स्कूल के लगभग 200 बच्चों में बांटी गई। इस शिक्षण सामग्री में बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, शार्पनर व बिस्कुट के पैकेट वितरित किये गये। शाखा के वरिष्ठ सदस्य पी के भारद्वाज ने शाखा के कार्यों एवं प्रकल्पों पर जानकारी दी गई। शाखा के वर्तमान अध्यक्ष योगेश मिड्डा एवं पूर्वाध्यक्ष संजय सिंगला तथा जय भारद्वाज ने बच्चों को अपने उद्-बोधन में प्रेरणात्मक संदेश प्रदान किये। आज के इस प्रयास पर विद्यालय से वरिष्ठ अध्यापक मनोज कुमार एवं विद्यालय अध्यापिकायें उपस्थित रहीं। परिषद् की स्थानीय शाखा से योगेश मिड्डा अध्यक्ष, वरिष्ठ शाखा सदस्य श्री पी के भारद्वाज, पूर्वाध्यक्ष संजय सिंगला व जय भारद्वाज, विजय सिंगला, मोहित चौधरी, महिला प्रभाग अध्यक्ष काजल गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक गोयल, रेणुका आश्री, डा0 कविता मेघवाल एवं रेणु बंसल इत्यादि मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

---

# मंदिर के गुम्बद पूरे होने पर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** श्री महाकाली मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते उद्योगपति सुभाष गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर की तरफ से जगत कल्याण के लिए बसंती माता व मैदान्न माता के सानिध्य में श्री राज राजेश्वरी महाकाली जी मंदिर के गुम्बज के कार्य पूर्ण होने पर गुम्बद के शिखर पर कलश स्थापना करवाई गई। पंडित शिवदत्त शर्मा एवं पंडित शुभम शास्त्री ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई गुम्बज के शिखर पर कलश की स्थापना करवाई। इस अवसर पर शहर भर की सामाजिक ओर धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर के पंडित आचार्य शुभम शास्त्री के नेतृत्व में मंदिर परिसर में कई आयोजन हुए। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना व सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में भी सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कई उद्योगपत्तियों ने मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर मां के दर्शन किए। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गर्ग राईस इंडस्ट्रीज तरावड़ी के सी.एम.डी. सुभाष गर्ग ने कहा कि हर व्यक्ति को सामाजिक धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए, धार्मिक कार्यों में भाग लेने से मन को अलग से शांति सुख प्रदान होता है। इस अवसर पर पंडित आचार्य शुभम शास्त्री ने कहा कि हम सभी को अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय धार्मिक और समाज सेवा के कार्यो के लिए निकालना चाहिए, जिससे हम और हमारी आने वाली पीढ़ियों का जीवन सफल हो सके। पंडित आचार्य शुभम शास्त्री ने तरावड़ी शहर के उद्योगपत्तियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों का आभार जताते हुए बताया कि मंदिर परिसर को सभी के सहयोग से सुंदर और भव्य रूप दिया जा रहा है। मंदिर में गुम्बद का निर्माण भी शहर के नागरिकों के सहयोग से हुआ है। इस अवसर पर पुष्कर गोयल, राजकुमार तायल, सुभाष गुप्ता, प्रमोद बंसल, विनित बसंल, चुनीत बंसल, अशोक बसंल आदि रहे।

---

# बेस्ट मदर प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम



**थानेसर।** ब्लाक स्तरीय सर्वोतम माता पुरस्कार प्रतियोगिता की विजेता माताओं के साथ सीडीपीओ प्रीति व सुपरवाइजर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

महिला एवं बाल विकास विभाग थानेसर ग्रामीण की सीडीपीओ प्रीति के मार्गदर्शन में विभाग के कार्यालय में ब्लाक स्तरीय बेस्ट मदर पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रामीण सर्कल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेता महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मोनिका धुराला ने प्रथम, रूपा अमीन ने द्वितीय तथा अलका सिरसमा ने तीसरा स्थान हासिल किया। सीडीपीओ प्रीति ने महिलाओं को आपकी बेटी हमारी बेटी, सुकन्या समृद्धि योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाली महिलाओं को सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्ेररित करें। सुपरवाइजर प्ेरमलता ने महिलाओं को बच्चे के खान-पान व साफ-सफाई के बारे में अवगत करवाया गया।

---

# डॉ जीवन लाल शर्मा 36 सालों से निस्वार्थ होम्योपैथिक पद्धति से रोगियों की सेवा कर रहे

- कहां –श्री गुरु नानक देव जी की कृपा से प्रसाद रूपी होम्योपैथिक दवाइयो से लोगों की सेवा करने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल नगरी श्री गुरु नानक देव जी की चरणों प्राप्त नगरी है करनाल के सराफा बाजार में श्री गुरु नानक देव जी जहां पधारे थे और गुरु नानक देव जी के चरण पड़े थे वहां पर गुरु जी की याद में ऐतिहासिक स्थान पर गुरुद्वारा मंजी साहब सुशोभित है और इस स्थान पर श्री गुरु नानक देव जी की ऐतिहासिक बोली साहिब (कुआं ) भी गुरुद्वारा साहिब में मौजूद है यहां से श्री गुरु नानक देव जी ने राहगीरों को जल शिकाया था आज इस ऐतिहासिक बोलही का जल पीने से कई तरह की बीमारियों से निजात मिलती है वही इस गुरुद्वारे में पिछले 8 सालों से गुरु नानक सेवक जत्था की तरफसे फ्री होम्योपैथिक डिस्पेंसरी चलाई जा रही है इस होम्योपैथिक डिस्पेंसरी में पिछले 8 सालों से डॉक्टर जीवन लाल शर्मा श्री गुरु नानक देव जी की कृपा से तरह-तरह की बीमारियों से जूझ रहे रोगियों को फ्री होम्योपैथिक की दवाई देने से रोगियों के रोग ठीक हो रहे हैं डॉ जीवन लाल ने बताया कि उन्होंने अपना सारा जीवन ही लोगों की सेवा में गुजार दिया है पहले वह करनाल बस स्टैंड पर केवल 2 लेकर 20 साल तक लोगों की होम्योपैथिक दवाई के जरिए सेवा की है । उसके बाद मुझे श्री गुरु गोविंद सिंह जी की पवित्र धरती पोंटा साहिब गुरुद्वारा में होम्योपैथिक दवाइयां के जरिए लोगों की सेवा करने का मौका मिला और लगातार 10 साल मरीजों की सेवा की गई। गुरु की कृपा से मरीज ठीक होते गए।

### राजेंद्र गुप्ता बने करनाल पक्का आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान

**करनाल।** पक्का आढती एसोसिएशन की एक मीटिंग अनाजमंडी स्थित कार्यालय में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता शिव कुमार ने की। करनाल अनाज मंडी के लगभग सभी पक्के आढ़ती बैठक में पहुंचे। विचार विमर्श करने के बाद सभी ने सर्वसम्मति से राजेंद्र गुप्ता को एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। राजेंद्र गुप्ता की समाज सेवा और कार्य कर्मठता को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने 2019 में कष्ट निवारण समिति का सदस्य बनाया था। इस मौके पर प्रधान राजेंद्र गुप्ता जी ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंप गई है, इसको पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

---

# तटबंधों को मजबूत करने के 244 में से केवल 44 कार्य हुए पूरेः दिव्यांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि हरियाणा में मानसून ने दस्तक दे दी है। लेकिन बीजेपी सरकार की ओर से प्रदेश की जनता के लिए कोई तैयारी नहीं की है। हथिनीकुंड बैराज से यमुना में पानी छोड़ने के बाद से नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जिससे प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।पिछले साल प्रदेश में यमुना नदी ने बाढ़ का प्रकोप दिखाते हुए 35 लोगों की जान ली थी और 4.53 लाख एकड़ की फसल को बर्बाद किया था। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मानसून की पहली बारिश ने ही सरकार के सभी विकास कार्यों की पोल खोलने का काम किया है। बीजेपी सरकार की ओर से खेतों व तटवर्ती गांवों को बचाने के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए है। करनाल में पिछले साल 10 जगह कटाव हुआ और 10 जगह पत्थरों के स्टड को नुकसान पहुंचा है। अब तक दोनों जगह 15 प्रतिशत काम हुआ है। अधिकारियों का तर्क है कि टैंडर देरी से जारी हुए। मानसून से करीब एक माह पहले तक भी सरकार ने नदियों व नालों की सफाई के लिए टेंडर तक भी जारी नहीं किए हैं। बीजेपी सरकार ने नदियों पर स्टड लगवाने व तटबंधों को मजबूत करवाने के 244 में से केवल 44 कामों को पूरा किया है। यह सरकार की विफलता को दर्शाता हैं। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि सीएम सीटी करनाल में सरकार ने बाढ़ के प्रकोप से बचने के लिए तटबंधों का केवल 15 प्रतिशत काम किया है।

---

# बीके कौशिक ने जन समस्या निवारण केंद्र का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आम आदमी पार्टी के दो कार्यकर्ताओं ने एक अच्छी पहल करते हुए जन समस्या निवारण केंद्र की शुरूआत की है। सदर बाजार में खोले गए इस केंद्र का उदघाटन आप के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. बी.के. कौशिक ने किया। इस केंद्र के जरिए करनाल की जनता की परिवार पहचान पत्र, वोटर कार्ड, परिवार पेंशन, बुढ़ापा पेंशन, आधार कार्ड व दिव्यांग पेंशन से संबंधित समस्याओं का हल करवाने का प्रयास किया जाएगा। आप कार्यकर्ता नवीन और विजय ने मिलकर यह नेक शुरूआत की है। इस मौके पर प्रो. बी.के. कौशिक ने कहा कि आमजन की सहायता के लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा तत्पर रहते हैं। देखने में आया है कि हरियाणा में परिवार पहचान पत्र और पेंशन को लेकर लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में करनाल के दो आप कार्यकर्ताओं नवीन और विजय ने लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। वह उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। बी.के. कौशिक ने कहा कि हरियाणा में विधानभा चुनाव का समय आने वाला है।

भाजपा की नीतियों से त्रस्त जनता सत्ता परिवर्तन के लिए तैयार है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हें पार्टी की नीतियों से अगवत करवा रहे हैं। हरियाणा के लोग आम आदमी पार्टी को सत्ता सौंप कर दिल्ली और पंजाब की तरह सुशासन चाहते हैं। इस अवसर पर लाभ सिंह आर्य, सुरेश, दलीप, मयंक, दर्शनलाल, टीटू सिसोदिया, सन्नी, बिंदु व विजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवक सम्मानित

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के एन.एस.एस स्वंयसेवकों को श्रेष्ठ सेवा कार्यों रक्तदान शिविर लगाने, ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान चलाने, किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करने, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण करने व नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर जन-जन को जागरुक करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने मैरिट सर्टिफिकेट सौंपे जिन्हें प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को देकर सम्मानित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने बताया कि हमारे नौ एनएसएस स्वयंसेवकों को कुरुक्षेत्र विश्वद्यिालय के कुलपति द्वारा श्रेष्ठसेवा प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि एनएसएस से विद्यार्थियों में देश के प्रति समर्पण व समाज सेवा की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों द्वारा जागरुकता के लिए किए गए कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रयासरत हैं कि हमारे विद्यार्थी मात्र शिक्षा ही ग्रहण न करें बल्कि समाज के जागरुक प्रहरी बनें।

---

### समाधान शिविर में प्राप्त हुई 130 समस्याएं

# फैमिली आईडी संबंधित 400 शिकायतों का किया निपटारा

- अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने सुनी आमजन की समस्याएं
- जल्द से जल्द समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** शिकायतों का निवारण करती एडीसी डा. वैशाली शर्मा।

अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि जिला स्तरीय समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र से संबंधित करीब 400 शिकायतों का निवारण कर दिया गया है, शेष शिकायतों का भी तीव्रता से समाधान किया जाएगा। आमजन को परिवार पहचान पत्र से संबंधित यदि कोई त्रुटि ठीक करवानी है तो उसके लिए 11 जुलाई से 15 जुलाई तक विशेष शिविरों का आयोजन करके वे अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते है। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आज 130 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 74 शिकायत क्रिड विभाग से संबंधित थी तथा अन्य शिकायतों के निपटान बारे संबंधित को निर्देश दिए गए है। अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुन रही थी। इस मौके पर उनके साथ सीटीएम डा. रमन गुप्ता, डीएसपी ओमप्रकाश, पीएमओ डा. अंजली के साथ-साथ अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। वैशाली शर्मा ने बताया कि शुरू से ही जिला स्तरीय समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की प्रत्येक कार्यदिवस पर समस्याएं सुनकर उनका निवारण करने की दिशा में कार्य किए जा रहे है। समाधान शिविर में आमजन को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी एक ही छत के नीचे बैठकर लोगों की समस्याओं का निदान कर रहे है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में जिस भी शिकायत के लिए आते है, अपने साथ संबंधित दस्तावेज लेकर आए ताकि उनका कार्य सुगमता से करवाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को पहले से ही निर्देश दिए गए है कि वे लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा यदि कोई शिकायतकर्ता उनके कार्यालयों में शिकायत या समस्या देता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर से संबंधित जो भी रिपोर्ट होती है, उसका बारीकी से आकलन किया जा रहा है और यह रिपोर्ट कम्पाईल करके मुख्यालय भिजवाई जा रही है। इन समाधान शिविरों में फैमिली आईडी प्रोपर्टी आईडी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जा रहा।

## खबर संक्षेप

### बाइक के नंबर का अवैध प्रयोग

**पानीपत।** पानीपत में रजिस्ट्रड बाइक संख्या एचआर-06-टीए-1236 की फर्जी नंबर प्लेट का उत्तराखंड में चालान कट गया। इसका पता तब चला जब पानीपत की देशराज कालोनी निवासी बाइक के असली मालिक प्रवीण के मोबाइल पर मैसेज आया। मैसेज पाकर वह हैरान रह गया। उसने चालान चेक किया। जिसमें उसे अपनी बाइक के नंबर का उत्तराखंड में चालान कटने की जानकारी मिली। उसने उत्तराखंड पुलिस से संपर्क किया। उत्तराखंड पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### पूर्व विधायक रणधीर का निधन

**पानीपत।** समालखा हलके से पूर्व विधायक चौधरी रणधीर सिंह गाहल्याण मूल निवासी गांव आट्टा जिला पानीपत का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। रणधीर सिंह बीमार थे और उनका दिल्ली के अस्पताल में उपचार चल रहा था। वहीं, सन् 1966 में हरियाणा राज्य के गठन के बाद रणधीर सिंह 1967 में पहली बार विधायक बने थे। इसी साल से राज्य में 'आया राम गया राम' की राजनीति भी शुरू हो गई थी और वे भी इस मामले में चर्चा में रहे।

### कृष्ण जांगडा बने ब्लॉक प्रधान

**पानीपत।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह जांगड़ा की अध्यक्षता में बापौली ब्लॉक के गांव डाडोला में जांगिड़ समाज की बैठक हुई। जिसमें गांव डाडोला के कृष्ण कुमार जांगड़ा को बापौली ब्लॉक का प्रधान सर्वसम्मति से नियुक्त किया। इस अवसर पर धर्मपाल , धर्मबीर ओमप्रकाश जांगड़ा, राजवीर जांगड़ा, राजेंद्र जांगड़ा, अनिल जांगड़ा, सत्ता जांगड़ा, मुकेश, लहणा सिंह जांगड़ा, समेर, रमेश ,सत्यवान, दीपक, सुरता जांगड़ा, अमित ,सतीश व रामकुमार जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

### जीटी रोड का अतिक्रमण किया

**समालखा।** समालखा में जीटी रोड पर रेहड़ी लगाने से दिन भर यातायात जाम जैसे हालत रहते है। वहीं रेहडी वालों को नई अनाज मंडी में शिफ्ट करने की मांग सोमपाल, दिनेश, दिलावर, सुमीत ,अमीत ,राजेश, गुरदीप, संदीप, विनोद, दर्शन, महाबीर, साजिद, नरेन्द्र व लक्ष्य आदि जिला उपायुक्त व समाधान शिविर और नगर पालिका से कर चुके है। लेकिन प्रशासन इस गंभीर मामले पर चुप्पी साधे हुए है।

### एसडीएम ने की जनसुनवाई

**समालखा।** समालखा उपमंडल के लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए एसडीएम अमित कुमार द्वारा लघु सचिवालय में सोमवार को खुले दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिक संसाधन सूचना विभाग की फैमिली आईडी संबंधित समाधान शिविर में कुल 10 शिकायत आई जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया। वहीं, तहसीलदार ललिता, बीडीपीओ बापौली शक्ति सिंह व नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र भी समाधान शिविर में उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**पानीपत।** जन आवाज सोसाइटी का रक्तदान शिविर, मंगलवार नौ जुलाई को रेड क्रॉस ब्लड बैंक जीटी रोड पानीपत में आयोजित होगा। यह जानकारी सोसाइटी के प्रधान एवं पूर्व जिला पार्षद जोगेंद्र स्वामी ने देते हुए बताया कि हमारा प्रयास यही है कि रक्त की कमी में किसी की जान ना जाने पाए इसलिए वह लगातार जब आवश्यकता होती है रक्तदान शिविरों का आयोजन करते रहते है।

### जिप अध्यक्ष का स्वागत किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड स्थित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे जिला परिषद चेयरमैन काजल देशवाल व उनके पति संदीप देशवाल का पहुंचने पर मैनेजमेंट व स्कूल स्टाफ ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर स्कूल चेयरमैन राजेश देशवाल वाइस चेयरमैन स्याम लाल, महेंद्र शर्मा, तेजबीर देशवाल, शमशेर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एनएसएस के 39 स्वयं सेवक विद्यार्थियों को सम्मानित किया

# विद्यार्थी अपने अंदर निष्काम सेवा का भाव प्रबल करें : डॉ. गुप्ता

विद्यार्थियों को मेरिट प्रशस्ति पत्र देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आर्य कालेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

आर्य स्नातकोतर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के 39 स्वयं सेवकों के उत्कृष्ट सामाजिक योगदान को देखते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा विशेष मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित गया। युवा स्वयंसेवकों में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सामुदायिक व राष्ट्र सेवा की भावना का विकास होता है। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने इन सभी विद्यार्थियों को यह मेरिट प्रशस्ति पत्र देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.विवेक गुप्ता व डा. मनीषा डुडेजा समेत एनएसएस इकाई को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि आगे चलकर नौकरी व उच्च शिक्षा में इस सर्टिफिकेट का विशेष महत्व होता है। एनएसएस कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। प्रो.विवेक गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी अपने अंदर निष्काम सेवा का भाव प्रबल करें। इन स्वयंसेवको ने निरंतर दो वर्षों में कठिन परिश्रम करते हुए विभिन्न प्रकार की सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया।

उन्होंने बताया कि रक्तदान, पौधारोपण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता समेत अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों जैसे स्टेट एडवेंचर कैंप, यूनिवर्सिटी कैंप इत्यादि में भाग लिया।

डॉ. मनीषा डुडेजा ने कहा कि एनएसएस के बैज में 8 बार वाला कोणार्क मंदिर के रथ का पहिया दिन के 24 घंटों को दशार्ता है जो धारण करने वाले को चौबीसों घंटे राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार रहने की याद दिलाता है।

## पानीपत रिफाइनरी में एक दिन में 1000 पौधे रोपे



**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की स्थायी विकास लक्ष्यों की प्रतिबद्धता और इंडियन ऑयल की 2046 तक शुन्य उत्सर्जन प्राप्त करने की प्रतिज्ञा को मजबूत करने के लिए एमएल डहरिया कार्यकारी निर्देशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा ꞏएꞏ ग्रीन टू ग्रीनर पाथ - एक प्रयासꞏ नामक विशाल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन पीआर और पीएनसी को जोड़ने वाले फ्लाईओवर के नीचे हुआ, जिसमें जय किशन, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर (आरएफओ), पानीपत, मुख्य महा प्रबंधक, महा प्रबंधक और अन्य वन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस हरित पहल के तहत, पीआरपीसी ने ꞏवृक्षारोपण अभियानꞏ शुरू किया, जिसमें एक ही दिन में 1,000 पेड़ लगाए गए। इस प्रयास का उद्देश्य पहले से मौजूद ग्रीन बेल्ट को ज्यादा हरभरा करना है, जिसमें हजारों पेड़ शामिल हैं, और कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। शहतूत, आंवला, जामुन और कटहल जैसे विभिन्न करीबन 1000 फलदार पेड़ आईओसीएल अधिकारियों, सीआईएसएफ अधिकारियों, वन विभाग के प्रतिनिधियों और अन्य कर्मचारियो द्वारा लगाए गए। वहीं, डहरिया ने कहा कि पर्यावरण को घना करने में जहां इंडियन ऑयल धरातल पर प्रयास कर रहा है। वहीं हर नागरिक को पर्यावरण को घना करने के लिए पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवाहन होने तक देखभाल करनी चाहिए।

## भाजपाई से कांग्रेसी बने पूर्व पार्षद विजय जैन

**पानीपत।** नगर निगम के वार्ड 26 से भाजपा के टिकट पर पार्षद रह चुके विजय जैन ने पानीपत ग्रामीण हलके से चुनाव लड़ने की इच्छा के चलते सोमवार को रोहतक में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभाव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के समक्ष भाजपा का त्याग कर कांग्रेस ज्वाइन कर ली। जबकि जैन ने भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को भेजे गए अपने इस्तीफा में अपनी अनदेखी व उनके क्षेत्र में विकास कार्य नहीं होने की बात लिखी है। स्मरणीय है कि जैन मन ही मन ये मान चुके थे कि पानीपत ग्रामीण से भाजपा के विधायक व वर्तमान में सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा का टिकट कटना मुश्किल है, इसके चलते जैन ने इस उम्मीद के साथ कांग्रेरस में शामिल हुए है कि कांग्रेस उन्हें पानीपत ग्रामीण हलके से अपना उम्मीदवार बना लेगी।



**पानीपत।** स्वास्थ्य विभाग के फार्मेसी डिप्टी डायरेक्टर प्रदीप को स्मृति चिंह भेंट करते हुए मोनू मलिक आदि।

## पौधे रोप कर फार्मेसी डिप्टी डायरेक्टर ने विदाई ली

**पानीपत।** हरियाणा स्वास्थ्य निदेशालय की फार्मेसी विंग के उपनिदेशक प्रदीप को पानीपत सिविल अस्पताल में भावभीनी विदाई दी गई। स्मरणीय कि प्रदेश को स्वास्थ्य विभाग ने गत दिनों ही जिला फार्मेसी अधिकारी से उप निदेशक पद पर प्रमोशन दिया है। वहीं प्रदीप ने अपने साथी स्टाफ के साथ सिविल अस्पताल में पौधे रोप का सभी कर सभी को पर्यावरण को घना करने का संदेश दिया। जबकि जिला प्रधान मोनू जिला सचिव राकेश ने डिप्टी डायरेक्टर प्रदीप कुमार के सम्मान में फेयरवेल पार्टी और उन्हें स्मृति चिंह भेंट किया। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी के सदस्य पवन कुमार, वरिष्ठ फार्मेसी अधिकारी विष्णु दत्त शेरावत, पवन कुमार, विनोद कुमार, ममता, नेहा, मीनाक्षी, कुलदीप, प्रवीण कौशिक, ईश्वर आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल कैंप में 390 का स्वास्थ्य जांचा

- कैंप में सांस के रोगियों के लिए ब्रेथोमीटर से फेफड़ों की जांच का टेस्ट नि :शुल्क किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



आदर्श एक विश्वास संस्था के मेडिकल कैंप मरीज की जांच करते डॉ. केदार बतरा।

आदर्श एक विश्वास द्वारा 60वां मेडिकल कैंप व नेत्र जांच शिविर वीवर्स कॉलोनी स्थित शिव मन्दिर में लगाया गया। जिसमें 390 मरीजो के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइया दी गई। कैंप में सांस के रोगियों के लिए ब्रेथोमीटर से फेफड़ों की जांच का टेस्ट निःशुल्क किया गया। मेडिकल कैंप में डा. भवानी शंकर द्वारा सांस के मरीजों की जांच, डॉ. प्रशांत शर्मा द्वारा दांतों की जांच, डॉ. कनव गुप्ता ने आंखों की जांच, डॉ. सुमित गिल व डॉ. पारस सहगल द्वारा हड्डियों की जांच की गई। जबकि होम्योपैथी के डॉक्टर केदार बतरा ने रोगियों की जांच कर उन्हें दवाई देते हुए चेताया कि नागरिकों को अपने शरीर में पनप रहे रोग की अनदेखी नहीं करनी चाहिए, रोग के लक्षण नजर आते ही तत्काल डॉक्टर से उपचार करवाना चाहिए।

रोग की अनदेखी गंभीर है और रोगी की मौत तक हो सकती है। इधर, समाजसेवी गुलशन बतरा ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जनता का रूझान बढ रहा है। वहीं होम्योपैथिक दवाइयों का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। जबकि होम्योपैथिक उपचार अन्य चिकित्सा पद्धतियों के मुकाबले सस्था और प्रभावशाली है। इधर, आदर्श एक विश्वास सोसाइटी के अध्यक्ष नवीन मुंजाल ने कैंप के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार जताया और कहा कि भविष्य में भी जनता के हित के लिए आदर्श एक विश्वास सोसाइटी द्वारा मेडिकल कैंपों का आयोजन जारी रहेगा। इस अवसर पर संदीप अरोड़ा, अंकित शर्मा, अशोक कालडा, प्रवीन रोहिल्ला, सागर खुराना, सुशील शर्मा व प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

## ठगी के छह आरोपी गिरफ्तार 150 वारदातें की

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने लोन दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड कर गिरोह के सरगना सहित छह आरोपियों सतविंदर निवासी सेक्टर 13 कुरूक्षेत्र, अर्जुन निवासी तुसांग करनाल, चरणदास निवासी इंद्री करनाल, आशिष निवासी सुलतानपुर हिसार, अभिषेक निवासी गोविंदगढ़ कुरूक्षेत्र व सहदेव निवासी शाहबाद मारकंडा को करनाल व दिल्ली से गिरफ्तार किया। इन के पास से पुलिस ने 5 मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड व बैंक के 3 खातों की पासबुक व चेक बुक बरामद की गई है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीन शर्मा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ आरोपी पिछले 6 महिने से साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे और अब तक करीब 150 वारदातों को अंजाम दे चुके है। आरोपियों ने बीते जून महिने में सौंदापुर निवासी दीपक के साथ ठगी की वारदात की थी, इस मामले में थाना साइबर क्राइम में केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया और सतविंदर, चरणदास, अभिषेक व सहदेव को न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया व आरोपी अर्जुन व आशिष को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# सर्व समाज में सच्ची निष्ठा से सेवा करना नागरिकों का कर्तव्य

- डॉ. पंवार को बड़े बुजुर्गों ने पगड़ी पहनाकर व युवाओं ने फूलमालाओं के साथ गुलदस्ता देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** कंबीर पंथी समाज के नागरिक, डॉ. ओमवीर पंवार को सम्मानित करते हुए।

श्री सदगुरू कबीर जनसेवा समिति के तत्वावधान में कबीर आश्रम, ग्रीन पार्क में पानीपत कबीरपंथी समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. ओमवीर सिंह पंवार को ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि दिये जाने की खुशी में सम्मान समारोह आयोजित किया। जिस में डॉ. पंवार को बड़े बुजुर्गों ने पगड़ी पहनाकर व युवाओं में फूलमालाओं के साथ गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इधर, डॉ. ओमवीर पंवार ने राजनीतिक, धार्मिक व समाजसेवा क्षेत्र में सच्ची निष्ठा के साथ कार्य करते हुये जो आज उपलब्धि हासिल की है आज हमारे समाज के साथ साथ सर्वसमाज व समस्त पानीपत जिले में कबीरपंथ समाज का नाम रोशन किया है। जबकि डॉ. ओमवीर पंवार ने कहा कि समाज के हर वर्ग को निष्काम सेवा करनी चाहिए, सेवा भाव के बल पर इंसान तरक्की करता है। इस अवसर पर समिति महासचिव महेंद्र गाहल्याण, कोषाध्यक्ष रमेश डागर, रामकुमार तुवर, विकास कुमार, अमित पवार, लेक्क्चर नवीन मुडाल, पालेराम पवार, सत्यपाल नरवाल आदि उपस्थित रहे।




पानीपत में डी प्लान विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर। फोटो :हरिभूमि

# कृषि मंत्री ने समाधान शिविर का समय सुबह 10 से 12 बजे किया

## मंत्री गुर्जर ने बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

- इसराना व समालखा में होने वाले विकास कार्यों की सूची मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने सोमवार को जिला सचिवालय में डी प्लान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पिछले विकास कार्यों की समीक्षा की व कार्यों को ओर गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कम समय में ज्यादा से ज्यादा काम करके विकास को और गति देने के पक्ष में है। इस पर प्रदेश भर में तीव्रता से कार्य हो रहा है। मंत्री ने समाधान शिविरों के समय में भी परिवर्तन करने के निर्देश दिए व बताया कि 9 जुलाई को जिले में लगने वाले समाधान शिविर का समय 10 से 12 बजे तक किया गया है। ताकि शिकायकर्ता आराम से समधान शिविर में पहुंच सके। मंत्री ने कहा कि इसराना व समालखा विधानसभा क्षेत्र में जो विकास कार्य किये जाने है उनकी सूची 10 दिन के अन्दर अन्दर भिजवाएं ताकि कार्यों को सुचारू रूप से किया जा सकें।

## भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषीः कंवरपाल



**पानीपत।** कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायत सुनते हुए।

पानीपत। हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने सोमवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता करते हुए जनता की शिकायतें सुनी और उनका निराकरण किया। वहीं मंत्री गुर्जर ने दावा किया कि भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषी है और प्रदेश भर में बिना किसी भेदभाव के जनता की सेवा की जा रही है। वहीं प्रदेश भर में समाधान शिविरों का प्रति दिन आयोजन कर जन सुनवाई की जा रही है। समाधान शिविरों का बहुत ही बेटर रिजल्ट मिल रहा है। वहीं समाधान शिविरों व प्रदेश भर में चल रहे विकास कार्यों से प्रदेश की जनता का भाजपा सरकार के प्रति विश्वास दिन प्रति दिन बढता जा रहा है। इस मौके पर शहरी विधायक प्रमोद विज, इसराना विधायक बलबीर, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज, निगम कमीशनर साहिल गुप्ता, सीईओ जिला परिषद गौरव, एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल,कृष्ण छोकर किवाना,लोकेश नांगरु के अलावा जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य मौजूद रहें।

## समाधान शिविर में 317 समस्याओं में से 203 का मौके पर ही हुआ निराकरण

# समस्याओं को लटकाएं नहीं, समाधान करें अधिकारी : डॉ. दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया व एसपी अजीत शेखावत। फोटो :हरिभूमि

- जो लोग समाधान शिविर में पहुंच रहे उनका विश्वास टूटना नहीं चाहिए

समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतकर्ताओं को शंकाओं में ना रखें। उनकी समस्याओं को लटकाएं नहीं बल्कि उनका जितना जल्दी हो सके समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों से संवाद कर पिछले सप्ताह समाधान शिविर में पहुंची समस्याओं की समीक्षा कर समस्याओं की प्रगति की जानकारी ली। डॉ. दहिया ने कहा कि जो लोग समाधान शिविर में पहुंच रहे उनका विश्वास टूटना नहीं चाहिए। उनकी उम्मीद ही हमारी ताकत है। अधिकारी इस चीज पर विशेष ध्यान रखें कि जो समस्या लेकर शिकायतकर्ता समाधान शिविर में आ रहे है वो किस स्थिति में है। उनकी समस्या का समाधान एक सेवा का कार्य है। इस पुण्य कार्य को करने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। हमारी मनो स्थिति शिकायतकर्ताओं के कार्य के साथ जुड़ी होनी चाहिए। इसमें शासन व प्रशासन दोनों का विश्वास व भरोसा जनता के साथ जुड़ा रहता है। वहीं समाधान शिविर में डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया की अगुवाई में नगर निगम आयुक्त साहिल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम मनदीप सिंह, सीईओ जिला परिषद गौरव, निगम संयुक्त कमीशनर मनी त्यागी, सीटीएम टीनू पोसवाल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, डीआरओ रणविजय सुलतानिया, सीएमओ जंयत आहुजा, डीएफएससी आदित्य कौशिक, जिला मतस्य अधिकारी अनुज कुमारी, सहायक पौध संरक्षण अधिकारी राजेश भारद्वाज, डॉ. दीपशिखा, एडीडीपीओ दीपक पाराशर, आईटीआई प्रिंसीपल डॉ.कृष्ण आदि ने जन सुनवाई करते हुए 317 समस्याओं में से 203 का मौके पर ही निराकरण किया।

**ग्राम पंचायत नांगल खेड़ी**
खण्ड पानीपत, जिला पानीपत।

ग्राम पंचायत नांगल खेडी ने प्रस्ताव पास किया गया है कि पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से एक नया ट्यूबवेल जल घर गांव में लगवाया गया है जिसकी देखरेख के लिए ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया गया है अब इस ट्यूबवेल पर एक ऑपरेटर की आवश्यकता है जो भी इसके लिए आवेदन देना चाहता है वह 15.07.2024 तक शाम 5 बजे तक आवेदन दे सकता है।

सरपंच ग्राम पंचायत, खेडी नांगल

**खबर संक्षेप**

### कैंटोनमेंट बोर्ड की सफाई कर्मचारी की मौत

**अंबाला।** अंबाला छावनी में इंडियन ऑयल पेट्रोलियम के टैंकर ने साइकिल सवार महिला को कुचल दिया। हादसा अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के सामने फ्लाईओवर के नीचे हुआ। हादसा इतना दर्दनाक था कि टैंकर का पहिया महिला के पेट के उपर से गुजर गया। महिला की शिनाख्त कैंट के 12 क्रॉस रोड की रहने वाली सलोचना के रूप में हुई है। सलोचना कैंटोनमेंट बोर्ड की सफाई कर्मचारी थी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया तो टैंकर रूका। पुलिस को बुलाने के बाद लोगों ने टैंकर चालक को पुलिस को सौंप दिया।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्रांगण में प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त की अध्यक्षता में एनसीसी गर्ल्स विंग्स द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।डॉ रोहित दत्त ने बताया कि पौधे मानव के लिए हानिकारक गैसों का सेवन कर सास के लिए आवश्यक ऑक्सीजन का विसर्जन करते है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह अपने घर आंगन में एक एक पौधा अवश्य लगाएं। जिससे आए दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण का संतुलन सही किया जा सके।

### तीन लोग आए योजना का लाभ लेने

**नारायणगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति आगे आ रहे हैं। योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर रहे है। उपमण्ड़ल स्तर पर एसडीएम यश जालुका की अध्यक्षता में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आज पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने से तीन लोग आए। इन लोगों की बात को सुनकर एसडीएम ने बिजली निगम के अधिकारी को निर्देश दिए हैं।

### किसानों को मिलेगा अनुदान


**नारायणगढ़।** उपमंडल कृषि अधिकारी नरेश ने बताया कि खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (दलहन) स्कीम के तहत उपमंडल में मूंग व उड़द के प्रदर्शन प्लाट, मूंग व उड़द बीज के वितरण, सूक्ष्म तत्व, जैविक खाद, जिप्सम, पौध संरक्षण रसायन, खरपतवर नाशी, हस्त चालित/बैटरी चालित स्प्रे पंप के वितरण पर किसानों को अनुदान दिया जाना है।

राज्य सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# शिक्षकों की कमी के कारण ग्रामीणों ने सरकारी स्कूलों पर जड़ा ताला

सरदाहेड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लंबे समय से शिक्षकों की कमी, स्कूल पर ताला लगने से छात्र व शिक्षक बाहर बैठकर स्कूल खुलने का करते रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना






मुलाना। स्कूल पर ताला लगाते ग्रामीण, स्कूल के बाहर बैठै छात्र।

गांव सरदाहेड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय में लंबे समय से स्टाफ की कमी से परेशान ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। ग्रामीणों ने पंचायत व एसएमसी सदस्यों के साथ मिलकर सोमवार सुबह 7 बजे स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जडकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। ग्रामीणों ने दोनों स्कूलों पर ताला जड़ दिया । ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने हर जगह बच्चों की शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों की मांग की और अधिकारियों के कार्यालयों का दरवाजा खटखटाया लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। इसके चलते अंत में उन्होंने स्कूलों पर ताला जडकर स्कूल के आगे चादर बिछाकर धरना प्रदर्शन किया।

मौके पर आकर खंड सीआरसी हेड़ ओम कृष्ण अग्रवाल ने ग्रामीणों को प्राथमिक स्कूल में एक ओर अध्यापक को भेजने सहित बीईओ के साथ मंगलवार को बैठक करने के आश्वासन पर स्कूलों का ताला करीब ढ़ाई घंटे बाद खोला । स्कूल पर जड़े ताले के दौरान सभी छात्र व अध्यापक स्कूल के बाहर खड़े रहे । ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह 10 बजे तक बीईओ से बैठक न होने पर फिर से स्कूलों पर ताला जडने की चेतावनी दी है । एसएमसी प्रधान महिंद्र सिंह , संदीप सिंह , तरसेम, यासीन अली, विक्रम जीत, लखन सिंह, मेनका, राजबाला, रजनी बाला, सीमा, मेनका , गीता, ज्योति, पूनम, ममता ने बताया कि गांव के दोनों सरकारी स्कूलों में स्टाफ की भारी कमी है । ग्रामीण स्टाफ की कमी को लेकर वो एक साल से बीईओ सहित तत्कालीन शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर के समक्ष अपनी समस्या रख चुके है। उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ । हर बार आश्वासन ही मिला है। स्कूल में पढ़ रहे छात्रों की पढाई प्रभावित हो रही है। इसके चलते ग्रामीणों ने अंत में स्कूल पर ताला जडने का फैसला लिया । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरदाहेड़ी में पीजीटी इंग्लिश, ड्राइंग, फिजिकल एजुकेशन, टीजीटी पंजाबी के अध्यापक नहीं है। टीजीटी पंजाबी के अध्यापक को डेपूटेशन पर शेरपुर सुलखनी गांव में पिछले डेढ़ साल से भेजा हुआ है। इसके अलावा स्कूल में स्वीपर,चौकीदार, पीएन, क्लर्क के पद भी खाली हैं। स्टाफ की कमी के चलते स्कूल के 199 छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 58 बच्चों पर केवल एक अध्यापिका है। स्कूल की इंचार्ज को टपरियां गांव में डेपूटेशन पर भेज दिया गया। साथ ही स्कूल में एक सर प्लस अध्यापक को सज्जन माजरी स्कूल में भेजा जा रहा है।

**मुलाना में भी शिक्षकों की कमी**

मुलाना के कन्या हाई स्कूल में 163 बेटियों पर महज पांच शिक्षक ही ड्यूटी दे रहे है । यहां तक कि हेडमास्टर तक की पोस्टिंग नहीं हुई है। इसके साथ ही शिक्षकों की कमी के चलते कई बार तो एक ही कक्षा में दो दो कक्षाएं लगानी पड़ती हैं। लेकिन इस समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है। दरअसल मुलाना में एकमात्र ही सरकारी कन्या स्कूल है। यहां पर कक्षा छह से 10 तक बेटियों को शिक्षा दी जा रही है।यह स्कूल काफी पुराना है । होम साइंस, अंग्रेजी, गणित सहित अन्य विषयों के शिक्षक यहां पर है ही नहीं। इन शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है। लेकिन इस के बावजूद अभी तक शिक्षकों की कमी को यहां पूरा नहीं किया गया। जिसका असर बेटियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। इसके साथ मार्च में हेडमास्टर सेवानिवृत हुए तब से अभी तक हेडमास्टर की नियुक्ति भी नहीं हुई है।

**शिक्षा अधिकारी स्वयं स्कूल जाएंगे**

खंड शिक्षा अधिकारी किसी जरूरी मीटिंग में हैं इसलिए वो नहीं आ सके। प्राथमिक विद्यालय में डेपूटेशन पर गई अध्यापिका को जल्द सरदाहेड़ी भेजा जाएगा। मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी स्वयं स्कूल पंहुच कर उनकी अन्य मांगों का समाधान करेंगे।
**-ओम कृष्ण अग्रवाल, मुख्य सीआरसी**

# पिछले साल बाढ़ ने प्रदेश में 35 लोगों की ली थी जान

- 4.53 लाख एकड़ की फसल हुई थी बर्बाद
- सांसद वरूण चौधरी बोले नदियों पर स्टड व तटबंधों को मजबूत करने के 244 में से केवल 44 कार्य पूरे हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



वरूण चौधरी।

अंबाला लोकसभा से सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है। लेकिन बीजेपी सरकार की ओर से प्रदेश की जनता के लिए कोई तैयारी नहीं की है। हथिनीकुंड बैराज से यमुना में पानी छोड़ने के बाद से नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इससे प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। पिछले साल प्रदेश में यमुना नदी ने बाढ़ का प्रकोप दिखाते हुए 35 लोगों की जान ली थी और 4.53 लाख एकड़ की फसल को बर्बाद किया था। उन्होंने कहा कि मानसून की पहली बारिश ने ही सरकार के सभी विकास कार्यों की पोल खोलने का काम किया है। सरकार की ओर से खेतों व तटवर्ती गांवों को बचाने के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए है। मानसून से करीब एक माह पहले तक भी सरकार ने नदियों व नालों की सफाई के लिए टेंडर तक भी जारी नहीं हुए हैं। सरकार ने नदियों पर स्टड लगवाने व तटबंधों को मजबूत करने के 244 में से केवल 44 कामों को पूरा किया है। यह सरकार की विफलता को दर्शाता हैं। चौधरी ने कहा कि पिछले साल यमुना नदी में पानी स्तर बढ़ने से सबसे ज्यादा नुकसान सोनीपत जिले में हुआ था। सोनीपत में 13.84 करोड़ रुपये से 26 जगह स्टड बनवाने का टेंडर जारी हुआ था। अभी तक केवल तीन जगह काम शुरू हुआ है। वहीं फरीदाबाद में भी सरकार ने तटबंधों के लिए 5.60 करोड़ का टेंडर जारी होने के बाद भी काम शुरू नहीं किया है। सीएम सिटी करनाल में भी सरकार ने बाढ़ के प्रकोप से बचने के लिए तटबंधों का केवल 15 प्रतिशत काम किया है। यमुनानगर में 94.58 करोड़ का टेंडर जारी होने के बावजूद अभी तक तटबंधों पर पत्थर तक भी नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ पिछले दस साल से शोषण करने का काम कर रही है। पिछले साल बाढ़ से प्रभावित होने वाले 1 लाख 30 हजार किसानों को सरकार ने अभी तक मुआवजा राशि प्रदान नहीं की है। बीजेपी ने किसानों से वादा किया था कि साल 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी होगी लेकिन मंहगाई बढ़ाकर लागत दोगुणी करने का काम किया है। बीजेपी ने कृषि यंत्रों पर जीएसटी लगाकर व खाद, बीज व कीटनाशक के दामों को बढ़ाकर किसानों पर दोहरी मार करने का काम किया है। सांसद वरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य करवाने में असफल रही है। पिछले दस सालों में प्रदेश में काई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। बीजेपी सरकार ने प्रदेश में केवल अपराध, बेरोजगारी, महंगाई और खेल व खिलाड़ियों का अपमान करने का काम किया है। प्रदेश की जनता का बीजेपी की नीतियों से मोहभंग हो चुका है।



अंबाला। पौधरोपण करती सोसायटी की पदाधिकारी।

## टांगरी नदी के पास पौधरोपण मुहिम शुरू वेलफेयर सोसायटी लगाएगी 500 पौधे

**अंबाला।** अवेयरनेस वेलफेयर सोसायटी की ओर से सोमवार को टांगरी में बंधा रोड से पौधरोपण मुहिम की शुरुआत की गई।पौधे लगाने के बाद उनको जानवरों से बचाने के लिए चारों तरफ जाली भी लगाई गई।सोसायटी की प्रधान पूनम सांगवान ने बताया कि वातावरण को आने वाले वक्त में सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण ज्यादा से ज्यादा किया जाना चाहिए।कुछ लोगों ने पौधों को अपने निजी संरक्षण में लिया।पानी देना देखभाल करने की जिम्मेवारी भी स्वयं ली। सोसायटी पूरे अंबाला छावनी में पौधरोपण करेगी। सोसायटी द्वारा पांच सौ पौधे लगाने का संकल्प किया है। अभियान में सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सोसायटी ने सभी नगरवासियों से छायाकार पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से रवनीत आनंद, राजीव दुग्गल,राजेश डडवाल,अशोक सैनी,दीपाली,गीता,रेखा, सोनी,अर्जुन इत्यादि साथ मौजूद रहे।

# मंत्री के आदेशों के बावजूद कई नालों में मिली गंदगी

- जांच टीम के आदेश पर हुई कार्रवाई
- निगम अधिकारियों को सख्ती से आदेशों की पालना के निर्देश, कहा अगर नालों की गंदगी से दिक्कत हुई तो अधिकारी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नालों की सफाई की जांच करती मंत्री की टीम।

बरसाती पानी की निकासी की समस्या दशकों पुरानी है। शहर की भौगोलिक स्थिति भी पानी की निकासी सही ढंग से न हो पाने की बड़ी वजह है। हाल ही में कुछ दिन पहले परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल ने नगर निगम,नहरी विभाग,जन स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया था। तब गंदगी से भरे पड़े नालों को तुरंत साफ़ करने के निर्देश अधिकारीयों को दिए गये थे। इसके बाद शहर में युद्ध स्तर पर नालों और बड़ी ड्रेनों की सफाई का कार्य शुरू किया गया ।सोमवार काके राज्य मंत्री की टीम ने एक बार फिर शहर का दौरा किया। शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर टीम ने सफाई व्यवस्था और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे दावों को खुद चेक किया। इस दौरान कई इलाके ऐसे भी मिले जहां नाले गंदगी से भरे पड़े थे। कई जगह तो हालात यह थे कि नालों की गंदगी गलियों तक पहुंच गई थी। ऐसे में मंत्री की टीम ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए तुरंत सफाई करवाने के लिए कहा। हरकत में आई निगम की टीमों ने तुरंत सफाई कर्मचारी व जेसीबी मशीनें लगाकर नालों की सफाई शुरू कर दी। इस दौरान अंबाला शहर के राम बाग़ में स्थित श्मशान भूमि के नजदीक गंदगी की वजह से डंपिंग जोन बन चुकी खाली पड़ी जमीन से भी कूड़ा उठाने के निर्देश दिए गए। परिवहन मंत्री के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने बताया कि इस बार अधिकतर नालों की सफाई युद्ध स्तर पर चल रही है। इस बार बरसाती पानी शहर से निकलने की रफ्तार भी बढ़ी है। इसके साथ ही श्मशान भूमि के नजदीक खाली पड़ी जमीन का सौंदर्यीकरण भी जल्द किया जाएगा। निगम अधिकारियों द्वारा शहर में नालों की सफाई तेज गति से की जा रही है। लेकिन इस दौरान घरों व दुकानों के बाहर बने बड़े बड़े थड़े(रैंप) निगम के सफाई अभियान में बड़ा अवरोध बन रहे हैं। इन थड़ों के नीचे न तो सफाई कर्मचारी ही जा सकते हैं और न ही कोई मशीन। ऐसे में मंत्री असीम गोयल की टीम ने शहरवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई का जिम्मा अकेले प्रशासन का नहीं। यह हर आमजन की भी जिम्मेदारी है कि शहर को साफ़ रखें। कुछ लोग डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन होने के बावजूद भी गलियों में कूड़ा फेंकते हैं। जो कूड़ा बाद में नालों में जाकर परेशानी बढ़ाता है।

# प्रॉपर्टी आईडी और एनडीसी को लेकर सरकार पर होगा वार

- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष ने पदयात्रा की दी जानकारी, कहा अंबाला पहुंचने पर भारी संख्या में कार्यकर्ता करेंगे अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता रोहित जैन व अन्य।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा की ओर से प्रदेश के सभी शहरी एरिया में पदयात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी महीने के अंतिम सप्ताह से यह पदयात्रा शुरू होगी। जैन ने कहा कुमारी सैलजा का अंबाला पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह घर-घर जाकर पदयात्रा का प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग यात्रा का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के जरिए संवेदनहीन सरकार को चलता किया जाएगा। जैन ने कहा प्रदेश में निकाली जाने वाली पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य एनडीसी, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, सॉलिड सीवरेज सिस्टम, बरसाती पानी की निकासी न होने जैसे मुद्दों को उठाना है। परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां ओर एनडीसी इन दिनों शहरवासियों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई हैं। हर दूसरा परिवार एनडीसी, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र के जंजाल में उलझा हुआ है। प्रॉपर्टी आईडी व परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक करवाना लोगों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। इसके चलते जनता में रोष है।उन्होंने कहा कि अंबाला शहर में विभिन्न प्रकार की समस्याएं हमेशा बनी रहती हैं। इसमें बरसाती नालों की सफाई व्यवस्था का दुरुस्त न होना जिसकी वजह से हल्की बारिश में ही शहर के बहुत से क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनती है। पूरे शहर में बेसहारा पशुओं की भरमार है जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाऐं हो रही हैं। लोगों को जान माल की हानि हो रही है। नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपया खर्च होने के बावजूद सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सॉलिड वेस्ट की प्रोपर डिस्पोजल नहीं हो रही है। स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। लगभग एक दर्जन प्रोजेक्ट सालों से अधूरे पड़े हैं जिनमें जनता के खून पसीने की कमाई लगी हुई है। उन्होंने बताया कि पदयात्रा के जरिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व विपक्ष के नेता राहुल गांधी का संदेश हर शहरी मतदाता तक पहुंचाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता तरुण चुघ, कुलदीप सिंह गुल्लू, सुरजीत सिंह पंजोखरा, अशोक बरतिया, सूरज रश्मि शर्मा, आशीष टक्कर, किरण राणा, राम कुमार खैरा, रोहित गर्ग मौजूद रहे।

# अविलंब हो रहा है समस्याओं का समाधान

- लोगों के लिए कारगर साबित हो रहे समाधान शिविर
- डीसी ने 66 समस्याएं सुनकर ज्यादातर का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते डीसी डॉ. शालीन व अन्य अधिकारी।

प्रदेश सरकार की नई पहल समाधान शिविर आमजन की समस्याओं को अविलंब हल करने मे अहम भूमिका निभा रहा है। जिलास्तर पर डीसी डॉ. शालीन व उप मंडल स्तर पर एसडीएम द्वारा लोगो की समस्याओ को सुना जा रहा है। इसी कड़ी मे सोमवार को डीसी कोर्ट रूम मे समाधान शिविर लगाया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए डीसी डॉ. शालीन ने लोगों की समस्याओं को सुना और ज्यादातर लोगों की समस्याओं का तत्काल निवारण किया। उन्होंने समाधान शिविर मे बैठे विभिन्न विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रत्येक समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश भी दिए। सोमवार को जिले मे कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 49 शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। शेष 17 शिकायतो को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान गोबिंद विहार के ईश्वर धीमान ने बताया कि वह अपनी माता कांता देवी की वृद्धावस्था पेंशन बनवाने की समस्या को लेकर समाधान शिविर में आया था। डीसी ने अच्छे से उसकी समस्या को सुनकर विभागी अधिकारियों को दस्तावेजो की जांच (डेटा वेरिफाई) करने के निर्देश दिए। पेंशन के लिए उसकी माता का नाम वेरीफाई हो गया और पेंशन लग गई।



अंबाला। टूटी सड़क पर जमा पानी दिखाते हुए लोग।

## सीवरेज व स्ट्रॉम वॉटर पाइप डालने से पानी और सीवरेज के कनेक्शन टूटे

**अंबाला।** अंबाला छावनी के बनारसी दास मिल के पीछे मुख्य मार्ग पर सीवरेज व स्ट्रॉम वॉटर का पाइप डालने पर जनता के पानी व सीवरेज के कनेक्शन टूट चुके हैं। इसके कारण जनता को गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। परेशान लोगों ने इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह को समस्या के समाधान के लिए मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंचकर ओंकार सिंह ने ठेकेदार से बात कि तो उसने बताया कि परिवारिक मजबूरी के कारण वह भी पानी का कनेक्शन ठीक नहीं करवा सकता। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि पानी का कनेक्शन ठीक कौन करवाएगा? किसी भी कार्य का ठेका दिया जाता है तो ठेके में क्लोज होता है कि यदि कोई पानी या सीवर का कनेक्शन टूटेगा तो उसके रिपेयर की जिम्मेवारी भी ठेकेदार की होगी। लेकिन अचंबे वाली बात यह है कि अंबाला छावनी में अनेक सड़कों के तोड़ने पर जनता के हजारो पानी के कनेक्शन टूटे और हजारों की संख्या में जनता ने अपने पैसे से यह कनेक्शन ठीक करवाए। जनता के इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा? क्या प्रशासन की जिम्मेवारी नहीं कि जनता को जागरूक करें? या फिर ठेकेदार को निर्देश देखकर टूटे हुए पानी व सीवर के कनेक्शन तुरंत ठीक किया जाए। गंदा पानी पीने से अनेक लोग पेट की बीमारियों से परेशान हैं।

समस्याओं के समाधान के लिए ब्रह्मकुमारीज की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# धन की लालसा ने मनुष्य के मन को कर दिया कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य वक्ता व मौजूद लोग।

अंबाला शहर की जग्गी कॉलोनी फेस 2 स्थित ब्रह्मकुमारीज सुप्रीम लाइट हॉउस एक विशाल भव्य कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय सांसारिक समस्याएं, आध्यात्मिक समाधान था। इसमें मुख्य वक्ता राजयोगी ब्रह्म कुमार सूरज थे जोकि विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता हैं। उन्होंने कार्यक्रम में कहा आप इस संसार में देख सकते हैं। सबके जीवन में भिन्न भिन्न तरह की समस्याएं है। मेरे पास लोग बहुत आते हैं भिन्न भिन्न तरह की समस्याएं लेकर। मैं देखता हूं कि समस्याओं का मूल बीज क्या है? जहां से हमने ये कार्य शुरू किया था।

समस्याएं और कुछ नहीं कमजोर मन की रचना है। उन्होंने कहा कि मुझे विचार आया अगर एक कमजोर मन समस्याओं का निर्माण करता है तो शक्तिशाली मन उन्हें नष्ट भी तो करेगा। मनुष्य का मन कमज़ोर हो गया क्यूंकि मनुष्य अपने देवत्व को भूल गया। उसका झुकाव एक ही चीज की और हो गया। वो है धन। धन ही सब कुछ है। संबंध कुछ नहीं होते। जो धनवान है वो वीआईपी है। ये गलत मान्यताएं मनुष्य को नीचे की ओर ले गई। हमें अपने अंदर झांक कर देखना है। सभी देखें हमारे अंदर संपूर्ण देवत्व विद्यमान है। देखें कितने प्योर संस्कार हैं हमारे, कितनी गहन शांति समाई हुई है हमारे अंदर, हम बहुत शक्तिशाली है हम इन सब चीजों को भूलकर अहम में जीने लगे। मनुष्य दूसरे को बदलना चाहता है बदलना भी चाहिए पहले खुद को। दूसरों को बदलने की शक्ति तो हमारे पास है ही नहीं। हमारे पास यदि शक्ति है तो खुद को बदलने की है। डॉक्टर बता रहे थे कि कोरोना में मरने वालों में ज्यादा संख्या कोरोना के कारण नहीं भय के कारण थी। हमें अपनी मन की शक्तियों को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हम विशेष लक्ष्य लेकर चलेंगे "मन की शक्तियों को बढ़ाना है तो ये समस्याएं वैसे ही समाप्त हो जाएंगी। कितने तलाक हो रहे, कितनी ही बीमारियां हो रही हैंद्ध अचानक हार्ट अटैक हो रहे हैं क्योंकि हमारा मन कमज़ोर हो गया है।

हमें अपने संबंधों को मजबूत बनाना है ताकि परिवार में हर व्यक्ति को जीने का मन करे। मनुष्य को समस्याओं को चैलेंज मानकर पार करना है। बातें बड़ी नहीं होती हम सोच सोचकर उन्हें बड़ा कर देते है। सबसे बड़ी समस्या ओवरथिंकिंग है। उन्होंने कहा कि स्वीकार करें भगवान हमारा माता पिता हैं। वह हमें प्यार करता है। हमारी संभाल करता है।

जैसे हमारे मात पिता करते हैं। जैसे शेर का बच्चा शेर होगा हम सब भगवान के बच्चे हैं। वो सर्व शक्तिवान है तो हम उसके बच्चे कमजोर कैसे होंगे। सवेरे आंख खुलते ही 7 दिन अभ्यास करें मैं सर्वशक्तिवान की संतान मास्टर सर्वशक्तिवान। इससे ही सोई हुई शक्तियां जागृत होंगी।